मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम् एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026 www.amritdarshan.com Email : amritdarshan@yahoo.com ■ वर्ष : 37 ■ अंक : 21 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1रु. RNI NO. 50259/90

# महाकाल के आंगन में होली की धूम

# भस्मारती में उड़ा हर्बल गुलाल

## पुजारी-पुरोहितों ने हर्बल गुलाल से खेली होली

## चंद्र ग्रहण के कारण बदला भोग का नियम



उज्जैन ■ अमृत दर्शन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। तड़के 4 बजे भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल के साथ पुजारी-पुरोहितों ने हर्बल गुलाल से होली खेली। भगवान शिव के परिवार माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय को भी गुलाल अर्पित किया गया। भगवान महाकाल का हरि ओम जल से अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। नंदी जी का स्नान, ध्यान और पूजन हुआ।

भगवान महाकाल ने शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला व सुगंधित पुष्पों से बनी माला धारण की। भांग, फल और मिठाई का भोग लगाया गया। हालांकि, चंद्र ग्रहण होने की वजह से कई स्थानों पर धुलेंडी पर्व मनाने को लेकर असमंजस की स्थिति है तो उज्जैन, हरदा, शाजापुर, सीहोर, बड़वानी सहित कई जिलों में आज ही होली खेली जा रही है।

धुलेंडी पर्व पर चंद्र ग्रहण होने के कारण महाकाल मंदिर में भस्मारती से लेकर शाम को ग्रहण समाप्त होने तक पट बंद नहीं किए जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, सुबह भगवान को नियमित भोग नहीं लगाया जाएगा। ग्रहण समाप्ति के बाद मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। इसके बाद ही भगवान को भोग अर्पित किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से इस बार श्रद्धालुओं द्वारा गुलाल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। इसके बावजूद भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### अग्नि के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु साक्षी बने

मंदिर परिसर में परंपरा अनुसार विधिवत होलिका दहन किया गया, जिसकी अग्नि के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। हालांकि, इस वर्ष होली के उल्लास पर चंद्र ग्रहण का प्रभाव भी दिखाई दे रहा है। आज शाम 6:32 बजे से लगने वाले 17 मिनट के चंद्र ग्रहण के कारण मंदिर की पूजा पद्धति और समय सारिणी में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए है।

### डुप्लीकेट चाबी से खोला ताला

# मुंबई के बोरीवली में 7.88 करोड़ के सोने की चोरी

मुंबई ■ एजेंसी

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के बोरीवली इलाके में करोड़ों रुपये की चोरी से हड़कंप मच गया। एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाकर चोर करीब 5 किलो सोना ले उड़े। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस वारदात में अंदरूनी मिलीभगत शामिल थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लेकर ऑब्जर्वेशन होम भेजा गया है। अब पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। मुंबई के बोरीवली पश्चिम स्थित आईसी कॉलोनी में 'माय गोल्ड प्वाइंट' नाम की ज्वेलरी दुकान में यह बड़ी चोरी हुई। यह इलाका मुंबई के प्रमुख रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों में गिना जाता है। घटना 13 और 14 जनवरी 2026 की दरमियानी रात की है। सुबह जब दुकान खुली तो शोकेस खाली मिले और लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों का सोना गायब था। चोरी किए गए गहनों की कीमत बाजार में करीब 7 करोड़ 88 लाख रुपये बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने दुकान का ताला तोड़ने के बजाय डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल किया। इसी वजह से पहली नजर में कोई जबरन घुसपैठ के निशान नहीं मिले।

### शुभकामनाएं

रंगों के पावन पर्व होली पर देश एवं प्रदेशवासियों, सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं को दैनिक अमृत दर्शन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

### अवकाश की सूचना

दैनिक अमृत दर्शन कार्यालय में 4 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 5 मार्च को प्रकाशित होगा।

– व्यवस्थापक

### दुबई से एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली आई, परिजनों ने ली राहत की सांस

# 80 इंटरनेशनल उड़ानें दिल्ली में कैंसिल

**इंडिगो सऊदी अरब के जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल फ्लाइट उड़ाएगी**

नई दिल्ली ■ एजेंसी

आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल हैं। इसी बीच सोमवार देर रात दुबई से एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट वहां फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली लैंड हुई। दुबई में फंसी भारतीय शटलर पीवी सिंधु भी लौटी हैं। इसके अलावा सोमवार देर रात यूएई से 4 फ्लाइट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु पहुंचीं। अबू धाबी में फंसे भारतीयों ने देश लौटकर राहत की सांस ली। एक यात्री ने बताया अबू धाबी में हमारे होटल के पास ही धमाके हुए। इंडिगो सऊदी अरब के जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल फ्लाइट उड़ाएगी। वहीं, एअर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए उड़ान शुरू कर रही है। इस बीच, अबू धाबी की एतिहाद, दुबई की एमीरात और फ्लाईदुबई ने चुनिंदा उड़ानें शुरू की हैं। अबू धाबी एयरपोर्ट से एतिहाद की 15 उड़ानें इस्लामाबाद, पेरिस, एम्सटर्डम, मुंबई, काहिरा, लंदन के लिए रवाना हुईं। भारत में ईरान सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध जारी है। शिया समुदाय लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है।



**दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लौटे यात्रियों के परिजनों के चेहरों पर खुशी, आंखों में आंसू**

आज सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें 36 डिपार्चर और 44 अराइवल फ्लाइट्स शामिल हैं। एयरस्पेस प्रतिबंधों के कारण दुबई जा रही एमिरेट्स की फ्लाइट को वापस दिल्ली लौटना पड़ा। वहीं, दुबई से आने वाली फ्लाइट मंगलवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी।

**पुंछ में बाजार बंद, सुरक्षाबल तैनात :** जम्मू-कश्मीर ने पुंछ में अहले सुन्नत और इस्लामिक संगठनों ने बंद बुलाया है। यहां पर बाजार बंद हैं। बस सेवा बंद है। सभी जगह सुरक्षाबलों की तैनाती है।

### जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर लगातार दूसरे दिन बंद

जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर आज भी बंद है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। एक दिन पहले पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया था, आंसू गैस के गोले भी छोड़ थे। पूरे शहर में भारी सुरक्षाबल की तैनाती की गई है। लाल चौक पर बैरिकेडिंग की गई है। भारत सरकार ने सभी राज्यों को भड़काऊ भाषणों के लिए अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।

### पीएम मोदी की 48 घंटे में 5 प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों से हालात पर चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर पिछले 48 घंटों में खाड़ी देशों के कई प्रमुखों से बात की। उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। हवाई हमलों और भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर चर्चा की।

**मिडिल ईस्ट के 6 देशों में 90 लाख भारतीय**

2024 तक खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में 90 लाख से ज्यादा भारतीय रहते थे। जीसीसी में सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय यूएई और सऊदी अरब में हैं। ये लोग वहां की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं।

### इजराइल ईरान जंग: तेहरान और बेरूत में इजराइल के हवाई हमले जारी

# सऊदी अरब-इराक और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन अटैक

**▶ रियाद में दूतावास पर ईरान के हमलों से गुस्साए ट्रंप, बोले- खतरनाक जवाब के लिए तैयार रहो, ट्रंप का दावा: यह अभियान 4-5 हफ्ते तक चल सकता है**

नई दिल्ली ■ एजेंसी

इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का आज चौथा दिन है। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए हैं। ईरान ने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है और उसके सहयोगी, जिनमें हिजबुल्लाह भी शामिल है, इजराइल और क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। ईरान अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बना रहा है। अमेरिका नेकहा कि इस तरह के हमले को बिना जवाबी कार्रवाई के नहीं छोड़ा जा सकता है और ईरान को इसकी कीमत चुकानी होगी।



- ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का किया ऐलान, बढ़ सकती हैं तेल की कीमतें
- रियाद (सऊदी अरब) में अमेरिकी दूतावास पर ईरान ने किया ड्रोन हमला
- इजरायल ने तेहरान और बेरूत पर हमले जारी रखे, ईरान के सरकारी टीवी स्टेशन पर भी हुआ हमला
- ईरान ने इजरायल के तेल अवीव, यरुशलम पर दागी मिसाइलें
- अमेरिका ने ईरान के नौसेना, मिसाइल और न्यूक्लियर क्षमताओं को निशाना बनाया।
- अमेरिका का लक्ष्य ईरान की मिसाइल क्षमता खत्म करना, नौसेना नष्ट करना, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकना है

### निशाने पर तेहरान

इधर, इजरायली सेनाएं ईरानी राजधानी के केंद्र को निशाना बना रही हैं; सरकारी इलाकों के पास कई विस्फोटों की खबर मिली है। इजरायल रक्षा बलों ने लेबनान की राजधानी और हिजबुल्लाह के गढ़ बेरूत पर भी हमले किए हैं।

### खाड़ी देशों को दिया अल्टीमेटम

तेहरान ने आधिकारिक तौर पर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी है कि यदि वे पश्चिमी सेनाओं की सहायता करते हैं तो वे वैध सैन्य लक्ष्य होंगे।

### ट्रंप ने युद्ध को लेकर किया बड़ा दावा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि केबल नेटवर्क न्यूजनेशन को बताया कि रियाद में अमेरिकी दूतावास पर हुए हमले और अमेरिकी सैनिकों की मौत के लिए अमेरिका जल्द ही जवाबी कार्रवाई करेगा। अमेरिका ने सोमवार रात को बताया कि अब तक छह सैन्यकर्मी शहीद हो चुके हैं जबकि 18 घायल हैं।

### तेल की कीमतों में उछाल

मंगलवार को तेल की कीमतों में लगातार तीसरे दिन वृद्धि हुई क्योंकि ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल संघर्ष के बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन पर मंडरा रहे खतरों ने मध्य पूर्व के इस प्रमुख उत्पादक क्षेत्र से आपूर्ति में व्यवधान की आशंकाओं को बढ़ा दिया।

## अंतर्मना उवाच

***संबंध बनाए रखने का पर्व है--होली.. इसलिए रिश्तों को बचाने के लिए हाथ पकड़ें, बात नहीं..!***

*क्योंकि राग, अनुराग, अपनत्व से भरा त्योहार है - फाग यानि होली। आओ* ***मन के मैल को धोयें और गले मिलकर कहें-- बुरा ना मानो होली है, होली है भाई होली है।***

*भारतीय संस्कृति में त्योहारों का अपना एक आनंद है, जैसे- होली, दशहरा, दीवाली, रक्षाबंधन आदि।*



***होली केवल रंगोत्सव नहीं बल्कि मन के मैल को धोने का अपनोत्सव है।*** *यह बसन्तोत्सव संबंधो को मधुर बनाता है, रिश्तों में रस घोलता है और वाणी- व्यवहार को कोमल बनाता है, ऐसा है फाग का त्योहार।* ***जब हम होली को मन के कालुष्य, विचारों के वैमनस्य, परिणामों के संक्लेश से मुक्त होकर खेलते हैं, तभी यह त्योहार सफल और सार्थक बनता है।*** *होली पर्व हमें आंतरिक शुद्धि का संदेश भी देती है। जैसे - होलिका- दहन में बुराईयों का दहन करके, मन के विकारी भावों का त्याग करना चाहिए। जब मन पवित्र और चित्त निर्मल होता है, तभी जीवन में रंगोत्सव घटता है।*

***रंगो का भी अपना एक महत्व है,*** *जैसे --*

- ***लाल रंग*** *- साहस और ऊर्जा को प्रदान करता है।*
- ***पीला रंग*** *- मन की शक्ति और चेहरे की प्रसन्नता को बढ़ाता है।*
- ***हरा रंग*** *- प्रकृति से जोड़कर मन को हरा भरा और ताजगी से भर देता है।*
- ***नीला रंग*** *- मन की बुराईयों को दूर करके, विश्वास और संतुलन को बढ़ाता है।*
- ***सफेद रंग*** *- सुख, शांति, प्रेम और आनंद को बढ़ाकर अपरिचित को भी परिचित बनाता है।*

*इसलिए* ***सभी रंगो का अपना विशेष महत्व और आनंद है।***

*रंग ऐसा भरो - रंग ऐसा भरो,*
*ना रंग नफरत का हो, ना रंग मजहब का हो..*
*रंग ऐसा भरो,*
*जिसके छींटो में बस प्यार ही प्यार हो..*
*रंग ऐसा भरो...!!!*

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### सर्विस पिस्टल के साथ युवती की फोटो वायरल

## पुलिस विभाग ने शुरू की विभागीय जांच

**इंदौर।** सोशल मीडिया पर एक युवती के हाथ में सर्विस पिस्टल लिए हुए फोटो वायरल हो गया है, जिसे परदेशीपुरा थाने के सब-इंस्पेक्टर दीपक जामोद की आधिकारिक सर्विस वेपन बताया जा रहा है। फोटो वायरल होते ही विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, यह फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से शेयर हुआ, जिसमें युवती पोज देते हुए पिस्टल दिखा रही है। फोटो आने के कुछ ही देर बाद युवती ने अपनी प्रोफाइल से इसे डिलीट करवा दिया, पुलिस विभाग ने विभागीय जांच शुरू कर दी है।



### पाकिस्तान की नई साजिश

## सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में जैश के आंतकी

कठुआ ■ एजेंसी

पाकिस्तान जम्मू संभाग में जैश आतंकियों के दो गुटों की घुसपैठ कराने की फिराक में है। सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के बाद भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल सीमा पर कड़ी नजर रख रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया सूत्रों के अनुसार किश्तवाड़ में इस्राइल ग्रुप के खात्मे, कठुआ और उधमपुर में आतंकियों के बड़े पैमाने पर सफाए से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ाने के लिए हीरानगर सेक्टर से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की घुसपैठ कराने की साजिश रच रहा है और माकूल समय की तलाश में है। सूत्रों का कहना है कि दुश्मन की साजिश को नाकाम करने के लिए बीएसएफ, सेना व अन्य अर्धसैनिक बलों ने बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया है। मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सीमा से सटे इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।




### पठानकोट सीमा पर भी अलर्ट वाहनों की जांच बढ़ाई

कठुआ जिले में नगरी के ऐरवां में रविवार को तीन से चार संदिग्ध देखे गए। सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार गांव की एक महिला ने देर रात एक संदिग्ध देखा और पुलिस को सूचना दी।

### यूट्यूब पर भी बजा प्रधानमंत्री मोदी का डंका

## 30 मिलियन सब्सक्राइबर हुए, ट्रंप से सात गुना ज्यादा फोलोअर्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, मोदी का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है।









### ग्रहणकाल में नहीं होंगे धार्मिक कार्य, मंदिरों के पट बंद

# चंद्रग्रहण प्रारंभ, संध्याकाल 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा




भोपाल ■ जगत शर्मा

आज तीन मार्च को साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण लग रहा है। जिसके कारण होलिका दहन सुबह छः बजे से पहले संपन्न किया गया है क्योंकि उसके बाद ग्रहण का सूतक काल शुरू होने वाला था। आज के चंद्र ग्रहण को वैज्ञानिकों ने पूर्ण ग्रहण बताते हुए इसे यह एक 'ब्लड मून' कहा है, जिसमें चंद्रमा गहरे लाल या तांबे के रंग का दिखाई देगा।

### चंद्र ग्रहण से जुड़ी मुख्य जानकारियां

- **भारत में चंद्रग्रहण का समय और दृश्यता की अवधि :** ब्लड मून नामक इस चंद्र ग्रहण की कुल अवधि लगभग 3 घंटे 27 मिनट है। भारतीय समयानुसार ग्रहण दोपहर 3:20 पर शुरू होगा और शाम 6:47 पर समाप्त हो जायेगा।
- **भारत में कहां कहां देखा जा सकता है :** भारत के अधिकांश हिस्सों में यह ग्रहण चंद्रोदय के समय केवल अंतिम चरणों में दिखाई देगा।

लेकिन पूर्वोत्तर भारत (जैसे असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और बंगाल) में चंद्रमा जल्दी उगने के कारण इसे बेहतर तरीके से देखा जा सकेगा।

देश के अन्य हिस्सों में यह केवल 15-20 मिनट के लिए ही दृश्यमान हो सकता है।

- **सूतक काल :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूतक काल सुबह 6:20 - 6:23 के आसपास शुरू हो चुका है और ग्रहण समाप्ति के साथ खत्म होगा।

### दुनिया में यहां दिखेगा पूर्ण चंद्रग्रहण

जहां तक भारत के अलावा दुनिया के दूसरे हिस्सों की बात करें तो दुनिया के अन्य हिस्सों में यह ग्रहण उत्तर और दक्षिण अमेरिका, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में पूरी तरह दिखाई देगा।

**होली पर का संयोग :** यह ग्रहण फाल्गुन पूर्णिमा यानी होली के दिन पड़ रहा है, जिसे ज्योतिषीय दृष्टि से एक दुर्लभ संयोग माना जा रहा है। जिसका असर सभी राशियों पर दिखाई देगा, वहीं चंद्र ग्रहण को नग्न आंखों से देखना सुरक्षित है; इसके लिए किसी विशेष चश्मे की आवश्यकता नहीं होती।



## भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड का खौफ

# अब भी नर्मदा का पानी पीने से बच रहे लोग, चारों तरफ गड्ढे और खुदाई

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल कांड को दो महीने बीत जाने के बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। पेयजल को लेकर फैला डर आज भी इतना गहरा है कि आर्थिक तंगी के बावजूद लोग बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं।

भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड को दो महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी भी लोगों में पीने के पानी को लेकर डर बना हुआ है। कई परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, इसके बावजूद उन्होंने घर में पानी पीने के लिए आरओ लगवा लिया है या फिर हर दिन 25 रुपये का पानी का जार खरीद रहे हैं। अब कई इलाकों में नर्मदा जल भी साफ आने लगा है लेकिन दुकानों पर ग्राहकी में अभी भी सुधार नहीं है। खान-पान की दुकानों के व्यापारियों का कहना है कि बस्ती के लोग तो आ रहे हैं, लेकिन दूसरी बस्तियों के ग्राहक अभी तक नहीं लौटे हैं।

**सड़कें खुदीं, हर तरफ गड्ढे:** भागीरथपुरा बस्ती के मुख्य मार्ग पर नई पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसके कारण सड़क के दोनों हिस्सों की खुदाई की गई है। अब पूरी सड़क ऊबड़-खाबड़ हो चुकी है। इसके अलावा गलियों में भी नई लाइन डालने के कारण सीमेंट की सड़कें खोदी गई हैं और वहां भी यही हाल है। रहवासियों का कहना है कि पानी की व्यवस्था के लिए सड़कें खोदी गई थीं। यदि वर्षाकाल के पहले इन्हें ठीक नहीं किया गया तो वाहनों के दबाव से चैंबर फिर से टूट जाएंगे।

इधर खाने-पीने की दुकानों पर ग्राहक पानी पीने से कतरा रहे हैं। बस्ती में चाय और कचोरी-पोहे की कई दुकानें हैं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आते तो हैं, लेकिन पानी के बारे में जरूर पूछते हैं। वे दुकान का पानी नहीं पीते और बोतलबंद पानी खरीदना पसंद करते हैं। रहवासी रमेश मंडावरा का कहना है कि लोगों का नल के पानी से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है।

केवल बाहरी लोग ही नहीं, बस्ती के कई निवासी भी नल का पानी सीधे नहीं पीते हैं। इस वजह से बस्ती के मकान भी कई दिनों तक खाली पड़े रहते हैं। लोग भागीरथपुरा में कमरे किराए पर लेने से परहेज कर रहे हैं, जबकि पहले पास में इंडस्ट्रियल एरिया होने के कारण कमरे आसानी से किराए पर उठ जाते थे और किराया भी अच्छा मिलता था। गौरतलब है कि भागीरथपुरा बस्ती में दूषित पानी पीने के कारण 36 लोगों की जान जा चुकी है और डेढ़ हजार से ज्यादा लोग बीमार हुए थे, जिनमें से कई लोगों को निजी अस्पतालों में इलाज कराना पड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### एक अप्रैल से एलपीजी वाहनों में सफर नहीं करेंगे बच्चे

**जबलपुर।** जबलपुर में एक अप्रैल से स्कूली बच्चे एलपीजी से संचालित वाहनों में सफर नहीं करेंगे। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने ऐसे वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी है। ऐसे वाहन मालिकों से साफ कहा गया है कि वे एक अप्रैल से पहले दूसरे वाहनों की व्यवस्था कर लें। यदि तय तारीख के बाद भी ऐसे वाहनों में बच्चों को बैठाया गया, तो वाहन मालिक और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिबंध की निर्धारित तिथि से पहले एलपीजी वाहनों के स्थान पर कानूनी रूप से मान्य और फिटनेस प्रमाणित वाहनों की व्यवस्था कर लें। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) को स्कूली वाहनों का सत्यापन करने और एलपीजी संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम (अनुविभागीय राजस्व अधिकारी) से कहा है कि एलपीजी से संचालित स्कूल वाहनों को लेकर जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 65.57 लाख की ठगी

**इंदौर।** इंदौर में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख 57 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन देकर व्यापारी को पहले ग्रुप से जोड़ा, फिर मुनाफे का लालच देकर बड़ी रकम ट्रांसफर करा ली। इस मामले में एरोड्रम पुलिस ने 4 मोबाइल नंबरों के आधार पर सोमवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एरोड्रम के महेश एवेन्यू छोटा बांगड़दा रोड निवासी दीपक चांदोरे ने पुलिस को शिकायत में बताया कि दिसंबर 2025 में वह फेसबुक पर रील देख रहा था। इसी दौरान ट्रेडिंग लिंक का विज्ञापन दिखाई दिया। ग्रुप में रोजाना सदस्य मुनाफे के स्क्रीनशॉट और मैसेज शेयर करते थे। ट्रेडिंग से जुड़े शॉर्ट्स वीडियो और ऑनलाइन लेक्चर भी डाले जाते थे। करीब एक महीने तक गतिविधियां देखने के बाद दीपक को भरोसा हो गया कि यह प्लेटफॉर्म सही है।

## कुबेरेश्वर धाम में पं. प्रदीप मिश्रा ने किया होलिका दहन

# शहरभर में जलीं सौ से अधिक होलिकाएं

**सीहोर ■ निसं**

शहर में होलिका दहन का पर्व भक्ति और परंपरा के संग मनाया गया। कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन कर समस्त श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उत्साह, उमंग और आस्था के रंगों से सराबोर सीहोर में होलिका दहन का पर्व भक्ति और परंपरा के संग मनाया गया। कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन कर समस्त श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सीहोर में होली की पूर्व संध्या पर आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों तक सौ से अधिक स्थानों पर रंगबिरंगी रोशनी और सजावट के बीच होलिकाएं सजाई गईं। देर शाम से लेकर रात्रि तक विधि-विधान से होलिका दहन का क्रम चलता रहा। हर तरफ 'हर-हर महादेव' और 'होली है' के जयघोष गूंजते रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर चेहरे पर उत्साह साफ झलक रहा था। असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व मानो पूरे शहर को एक सूत्र में बांधता नजर आया।

**कुबेरेश्वर धाम में भक्ति की अलौकिक छटा:** सीहोर में होली की पूर्व संध्या पर आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों तक





सौ से अधिक स्थानों पर रंगीन रोशनी और सजावट के बीच होलिकाएं सजाई गईं। देर शाम से रात्रि तक विधि-विधान से होलिका दहन का क्रम चलता रहा। हर-हर महादेव और होली है के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर चेहरे पर उत्साह झलक रहा था। असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व पूरे शहर को एक सूत्र में बांधता नजर आया।

शहर के प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में होलिका दहन का दृश्य विशेष रूप से आकर्षक रहा। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ होलिका दहन संपन्न कराया। लकड़ियों और कंडों से सजे मंच पर भक्त प्रहलाद की प्रतिमा स्थापित कर अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। अग्नि की लपटें उठते ही श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पंडित मिश्रा ने महादेव से प्रार्थना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आनंद लेकर आए।

होलिका दहन के अवसर पर कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में, बच्चे रंग-बिरंगी पिचकारियों के साथ और बुजुर्ग श्रद्धा से भरे चेहरों के साथ उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। देर रात तक धाम परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

शहर के साथ-साथ पूरे जिले में एक हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ। गांव-गांव में परंपरागत रूप से लकड़ियां एकत्र कर शुभ मुहूर्त में अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। लोगों ने बुराई के अंत और अच्छाई की विजय का संदेश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक के रूप में मनाया गया।


होलिका दहन से पहले शहर के प्रमुख बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। रंग-गुलाल, पिचकारियां, मावा-मिठाइयों और अन्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। शाम तक मुख्य बाजार क्षेत्र में जाम जैसे हालात बन गए। मिठाई दुकानों पर गुजिया, मावा और नमकीन की बिक्री में तेजी रही।

### सीहोर में आज ही मनाया जा रहा होली का पर्व, गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे

सीहोर जिले में आज रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक सुबह से ही रंग और गुलाल की रौनक देखने को मिल रही है। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं और बड़ों से आशीर्वाद ले रहे हैं। कई स्थानों पर ढोलक की थाप और होली के पारंपरिक लोकगीतों की गूंज सुनाई दे रही है। युवा और बच्चे समूह बनाकर नाच-गाकर त्योहार का आनंद ले रहे हैं। छोटे बच्चे पिचकारियों से रंग बरसाते नजर आ रहे हैं। कल देर रात होलिका दहन के बाद से ही होली का उत्सव शुरू हो गया था। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और आज सुबह से रंगोत्सव की धूम मच गई। हर साल की तरह इस बार भी प्रशासन और स्थानीय स्तर पर त्योहार को लेकर तैयारियां की गई थीं। जिले में होली का उत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी सीहोर में यह पर्व आपसी भाईचारे और खुशी के साथ मनाया जा रहा है।

## म्यूल खातों से देशभर में ट्रांजेक्शन

# फर्जी कंपनी बनाकर 23 करोड़ से ज्यादा की ठगी, दो गिरफ्तार



**विदिशा ■ निसं**

म्यूल खातों के जरिए संचालित साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। फर्जी कंपनी बनाकर आरोपियों ने संदिग्ध ट्रांजेक्शनों के जरिए 23 करोड़ 20 लाख रुपए की रकम खातों से ट्रांसफर कर निकाल ली।

जिले में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां तीन जालसाजों ने फर्जी कंपनी बनाकर आम लोगों के खातों से करीब 23 करोड़ 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में पुलिस ने फिलहाल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने सितंबर 2025 में ट्यूनिटी वेंचर नाम से एक चालू खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वाणिज्य शाखा, सांची रोड विदिशा में खुलवाया। इसके बाद इस खाते के माध्यम से बड़े पैमाने पर संदिग्ध लेन-देन शुरू किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने डेढ़ लाख से अधिक ट्रांजेक्शन किए, जिनमें 10 हजार से लेकर 50 लाख रुपए तक की रकम शामिल थी। इन ट्रांजेक्शनों के जरिए 23 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खाते में जमा कर तुरंत निकाल ली गई। बताया जा रहा है कि यह पूरा नेटवर्क म्यूल खातों के माध्यम से संचालित किया जा रहा था, जिनका उपयोग साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया गया। लगातार भारी ट्रांजेक्शन होने के बावजूद लंबे समय तक खाते पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। जब देश के अलग-अलग राज्यों से शिकायतें आने लगीं, तब मामला गंभीर हुआ। करीब 25 से अधिक राज्यों की एसबीआई शाखाओं ने इस खाते को फ्रीज करने की कार्रवाई की। आखिरकार पटना, बिहार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा की शिकायत के बाद विदिशा की वाणिज्य शाखा ने खाते को सील कर दिया। हालांकि तब तक आरोपी 23 करोड़ 20 लाख रुपए निकाल चुके थे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

# दरवाजे पर जाकर गाली गलौज की, विरोध किया तो डंडा और पत्थर से पीटा था

**सागर ■ निसं**

सागर में मोतीनगर थाना क्षेत्र के ईतवारी टौरी इलाके में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में उपयोग किया डंडा बरामद किया गया है। थाने लाकर आरोपी से पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार, इतवारी टौरी निवासी फरियादिया ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत में बताया कि 1 मार्च की रात करीब 11 बजे मैं और मेरा भाई यश रजक अपने घर के अंदर थे। पिता ऊपर वाले कमरे में थे। तभी मोहल्ले के मनु मिश्रा और मेहुल मिश्रा घर के सामने विवाद कर रहे थे। जिस पर भाई यश रजक ने बाहर निकलकर उन्हें गालीगलौज करने से मना किया। इसी बात पर मेहुल मिश्रा और मनु मिश्रा घर में घुसे और यश के साथ गालीगलौज करने लगे। गालियां देने से मना किया तो डंडा और पत्थर से मारपीट शुरू कर दी। चिल्लाने की आवाज सुन पिता और पड़ोसी मौके पर आए।

उन्होंने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। आरोपियों की तलाश शुरू की गई। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रवि राहुल उर्फ मनु मिश्रा उम्र 35 वर्ष निवासी ईतवारी टौरी वार्ड को गिरफ्तार किया। थाने लाकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में उसके कब्जे से घटना में उपयोग किया डंडा जब्त किया गया है। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# दुबई में फंसे इंदौर के उद्योगपतियों की घर वापसी, मुंबई के रास्ते पहुंच रहे इंदौर

**इंदौर ■ निसं**

दुबई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला सहित शहर के कई दिग्गज उद्योगपतियों की सुरक्षित घर वापसी हो रही है। युद्ध के हालातों के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित होने से पिछले तीन दिनों से ये सभी दुबई के एक सुरक्षित रिसॉर्ट में रुके हुए थे।

इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग के बाद दुबई में उड़ानों के निरस्त होने से फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, मनीष सहारा (सहारा ग्रुप), संजय अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), पिंटू छाबड़ा (सी 21), गोलू पाटनी सहित अन्य इंदौरी उद्योगपतियों के इंदौर लौटने की राह आसान हो गई है, हालांकि दुबई से इंदौर आने वाली सीधी उड़ान अभी शुरू नहीं हो पाई है, लेकिन सभी



उद्योगपति मुंबई के रास्ते इंदौर लौट रहे हैं।

वे सुबह दुबई एयरपोर्ट पहुंचे और विमान में सवार हुए। उनकी फ्लाइट अब मुंबई पहुंच चुकी है। उड़ान भरने से पहले पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि बाबा महाकाल की कृपा और सभी की शुभकामनाओं से अब हम जल्द ही इंदौर लौटने वाले हैं। हमने दुबई से मुंबई के लिए उड़ान भर ली है और विमान सफलतापूर्वक टेक-ऑफ कर चुका है।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसीराम सिलावट ने संवेदनशीलता दिखाते हुए हरसंभव सहयोग प्रदान किया। इन्हीं के प्रयासों से इंदौर वापसी की व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक तय हो सकी हैं।

दुबई और शारजाह की उड़ानें निरस्त होने के कारण बीते तीन दिनों से ये उद्योगपति शहर से दूर एक रिसॉर्ट में रुके थे। पहले वे एक होटल में ठहरे थे, लेकिन पास की एक बिल्डिंग पर ड्रोन अटैक होने के बाद वे सुरक्षित स्थान पर चले गए थे।

इन उद्योगपतियों के अलावा इंदौर के अन्य लोग भी दुबई में रुके हुए हैं, जिनका कहना है कि अब स्थिति सामान्य है। 2 मार्च को दुबई से दिल्ली और मुंबई के बीच कुछ उड़ानें संचालित होना शुरू हुईं, जिसके बाद उद्योगपतियों ने मुंबई आने का विकल्प चुना और सुबह एयरपोर्ट पहुंचकर रवाना हुए।

# शादी का झांसा देकर महिला को बंधक बनाया, दुष्कर्म कर तेजाब डालने की धमकी

### आरोपी हिरासत में



**धार ■ निसं**

धामनोद में एक महिला के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और तेजाब से जलाने की धमकी दी।

जिले के ग्राम धामनोद में एक महिला के साथ दुष्कर्म और तेजाब डालने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने कथित रूप से शादी का झांसा देकर महिला को बंधक बनाया और उसके साथ अत्याचार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार महिला का आरोपी से कुछ महीनों पूर्व ही परिचय हुआ था। आरोप है कि 11 नवंबर 2025 को आरोपी महिला के घर पहुंचा और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार धमकियां देकर महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे तेजाब डालने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और विरोध करने पर मारपीट भी की।

पीड़िता के अनुसार 26 फरवरी की रात आरोपी फिर उसके घर पहुंचा और पैसों की मांग की। मना करने पर उसने मारपीट की और महिला को जबरन पकड़ने का प्रयास किया। महिला किसी तरह वहां से निकलकर घर पहुंची।अगले दिन आरोपी कथित रूप से महिला को जबरन अपने साथ ले गया और एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि शादी के लिए दबाव बनाने के दौरान उसने खुद को चोट पहुंचाकर महिला को धमकाया। बाद में अस्पताल ले जाने के दौरान महिला मौके का फायदा उठाकर वहां से सीधे थाने पहुंची।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में बड़ा खेल!

# सीसीटीवी में पकड़ा फर्जीवाड़ा, 12 अभ्यर्थी बाहर

**रतलाम ■ निसं**

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2025 में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। रतलाम स्थित केंद्र पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 12 अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2025 में रतलाम स्थित एक परीक्षा केंद्र पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति 12 अभ्यर्थियों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने का प्रयास





करते हुए दिखाई दिया। इस आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार परीक्षा 9 से 21 सितंबर 2025 तक आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद मंडल द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों और गतिविधियों का डेटा विश्लेषण किया गया। इस दौरान रतलाम पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र के 12 अभ्यर्थियों की गतिविधियां असामान्य पाई गईं। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी डाटा का परीक्षण किया गया, जिसमें एक अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा में अनुचित सहायता देने का प्रयास सामने आया।

मंडल के प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट प्रणीत सिजरिया ने 26 फरवरी 2026 को भोपाल के एमपी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत अपराध क्रमांक शून्य पर एफआईआर दर्ज की। घटनास्थल रतलाम होने के कारण प्रकरण अग्रिम कार्रवाई के लिए रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र थाने को भेजा गया।

भोपाल से केस डायरी प्राप्त होने के बाद रतलाम पुलिस ने विधिवत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल से भी मामले में आवश्यक जानकारी मांगी गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि परीक्षा केंद्र पर यह गड़बड़ी किस स्तर पर और किन लोगों की संलिप्तता से की गई। बहरहाल मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

## सीहोर में खेत में उतरा हॉट एयर बैलून

# मौसम विज्ञान केंद्र ने छोड़ा था, मार्च के पहले हफ्ते में अचानक बढ़ी गर्मी

**सीहोर ■ निसं**

सीहोर जिले में मंगलवार सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। धूप तेज होने से लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। इसी दौरान मौसम विज्ञान केंद्र से छोड़ा गया एयर बैलून आकर्षण का केंद्र बन गया। ग्रामीणों ने आकाश में हॉट एयर बैलून देखा, जो बाद में एक खेत में उतरा। इसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए।



मार्च की शुरुआत के साथ ही जिले में गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। सुबह से ही तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी महसूस की जा रही है। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.एस. तोमर ने बताया कि पिछले महीने मौसम में बदलाव इसलिए देखने को मिला क्योंकि वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय था।

डॉ. तोमर के अनुसार, मार्च शुरू होते ही न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आसमान साफ रहने से दिन में गर्मी बढ़ रही है और मौसम अब गर्म होने लगा है।

फरवरी में मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिले थे। महीने की शुरुआत में घना कोहरा रहा, फिर ठंड बढ़ी और महीने के अंत में तीन दिन रुक-रुक कर बारिश हुई।

